@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

*THE DAWN OF A FEARLESS PEN*

Jaipur, Saturday, 04 october 2025 | PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020 | Vol 1 | Issue No.- 34 | Pages 04

## Air Chief says Pak lost 12 jets including F-16s during the Op

# Stop terrorism if you want a place in geography, Army chief warns Pakistan

FAIR REPORT

**Jaipur:** Indian Army Chief General Upendra Dwivedi on Friday issued a sharp warning to Pakistan, saying that if it continues state-sponsored terrorism, it may have to "reconsider its place on the world map".

Addressing troops in the forward area of Anupgarh in Rajasthan's Sriganganagar district, Gen. Dwivedi reviewed operational readiness and urged soldiers to remain fully prepared for action. "India is fully prepared this time and won't show the restraint we exhibited during Operation Sindoor 1.0. This time we will take a step forward and act in a manner that will make Pakistan think whether it wants to remain on the world map or not," he said.



Calling on soldiers to maintain constant vigilance, he added, "Keep yourselves fully prepared now, if God wills, the opportunity will come soon."

Referring to Operation Sindoor, launched after the April 22 Pahalgam terror attack, the Army chief said India had struck nine terrorist sites inside Pakistan — seven by the Army and two by the Air Force. "We had identified only terrorist bases. We have no complaints against ordinary Pakistani citizens, but as long as the country sponsors terrorism, we will strike those who support it," he said. Gen. Dwivedi noted that India had provided proof of all destroyed targets this time, countering Pakistan's past denials. He also cited a list of casualties mistakenly released by Islamabad, which included over 100 Pakistani soldiers, in addition to the terrorists killed. Highlighting the global support India received after Operation Sindoor, the Army chief said the world had recognised New Delhi's right to act against terror.

**IAF Chief Reveals Pakistan Begged Ceasefire After Operation Sindoor**

Air Chief Marshal A.P. Singh said Pakistan pleaded for a ceasefire after India's Operation Sindoor destroyed its top fighter jets, including F-16s and J-17s, during a four-day confrontation. Speaking on Air Force Day, he confirmed precision strikes eliminated nine terror camps and over 100 terrorists across Pakistan and PoK. He dismissed claims of Indian losses as Pakistani propaganda. Singh said India achieved objectives swiftly without prolonging conflict and praised air defence systems for neutralising enemy threats

## India Slams Pakistan Over Brutal Crackdown on Civilian Protests in PoK

FAIR REPORT

**New Delhi,** In a strongly worded statement, India has condemned the brutal crackdown by Pakistani forces on civilian protests in Pakistan Occupied Kashmir (PoK), holding Islamabad directly responsible for widespread human rights violations in the region. The Ministry of External Affairs (MEA) spokesperson said New Delhi is closely monitoring reports of large-scale protests across several areas of PoK, where citizens have taken to the streets against systemic exploitation and lack of basic rights. According to eyewitness accounts and local reports, Pakistani security forces have resorted to heavy-handed measures, including firing, arbitrary detentions, and violent dispersal of demonstrators. "We have seen reports on protests in several areas of Pakistan occupied Jammu & Kashmir, including brutalities by Pakistani forces on innocent civilians," the MEA spokesperson stated. "We believe that it is a natural consequence of Pakistan's oppressive approach and its systemic plundering of resources from these territories, which remain under its forcible and illegal occupation. Pakistan must be held accountable for its horrific human rights violations." This marks one of the sharpest rebukes from India in recent months, as tensions escalate over the deteriorating humanitarian situation in PoK. Protesters in the region have long complained about lack of electricity, water, healthcare, and employment, accusing Islamabad of siphoning resources while ignoring the needs of locals.

**Ashok Gehlot seeks immediate release of Sonam Wangchuk**


**Jaipur:** Former Rajasthan Chief Minister Ashok Gehlot on Friday demanded the immediate release of climate activist Sonam Wangchuk, who has been under detention in Jodhpur jail. Wangchuk, a prominent activist from Ladakh, has been widely respected for his work in education, environmental conservation, and other social causes. Addressing the media, Gehlot expressed surprise at the rapid developments that led to Wangchuk's arrest. He said, "Sonam Wangchuk is such a prominent activist, working on education, the environment, and numerous other subjects, and he is held in the highest regard throughout Leh and Ladakh." Gehlot also highlighted Wangchuk's previous support for Prime Minister Narendra Modi, noting that he had consistently spoken highly of the PM. "He was a supporter of Modi. Whenever he went anywhere, he would praise him and speak highly of him. What suddenly happened that he was charged in a way that required him to be sent to Jodhpur jail? It's beyond comprehension," Gehlot said.

## Stray Dog Bites Foreign Athletes at Delhi Para Championship, Organisers Face Heat

FAIR REPORT

**New Delhi,** A major embarrassment for India's sporting establishment unfolded at the Delhi Para Athletics Championship, when a stray dog entered the competition venue and bit two international athletes — one from Kenya and another from Japan. The incident has sparked outrage, with questions mounting over lax security and poor event management at an international sporting platform.

Witnesses say the chaos erupted during warm-up sessions, when the dog slipped through an unsecured gate and attacked the athletes. The Kenyan participant suffered an arm injury, while the Japanese athlete was bitten on the leg. Both were rushed



to hospital and given anti-rabies treatment. The organisers quickly labelled the incident "unfortunate," but that has done little to contain the anger. "This is a disgrace. At an international para event, basic safety was compromised. Athletes deserve better," fumed a sports official present at the venue. The Kenyan delegation lodged a formal protest, demanding accountability from the organisers, while Japanese officials — though restrained publicly — privately conveyed their displeasure. The Athletics Federation of India (AFI) has now ordered an internal probe, but critics say this is too little, too late. The incident, they argue, reflects systemic neglect of sporting infrastructure and athlete safety. Delhi civic authorities have also come under fire for failing to control stray animals in and around major stadiums.For para-athletes, the episode is not just an accident but an insult. "We fight against odds every day. The least we expect is a safe environment to compete," said one Indian participant. As the championship limps on, the image of international athletes being bitten by a stray dog at the capital's para event has already gone global — a humiliating reminder that India's sporting ambitions remain undermined by glaring lapses in the basics.

# Veteran Journalist TJS George Dies at 97 in Bengaluru

FAIR REPORT

**Bengaluru:** Renowned journalist, author, and public intellectual Thayil Jacob Sony "T.J.S." George passed away today at the age of 97. He breathed his last in a private hospital in Bengaluru after a brief illness. Born on May 7, 1928, in Kerala, George carved an illustrious career in journalism and literature spanning over seven decades. He began his journalistic journey in 1950 with The Free Press Journal in Mumbai and went on to contribute to international publications including The Searchlight and Far Eastern Economic Review, as well as founding



Asiaweek in Hong Kong. In India, he served as Editorial Advisor for The New Indian Express and was best known for his weekly column "Point of View", which he penned for about 25 years until mid-2022, even writing well into his 90s. George's body of work spans incisive political commentary, biographies, and reflections on culture, democracy, and global affairs. His biographies include profiles of Nargis, Carnatic legend M.S. Subbulakshmi, and noted journalist Pothan Joseph. He was a recipient of the Padma Bhushan award in 2011 for his contributions to literature and journalism. George is survived by his children — poet-novelist Jeet Thayil and daughter Sheba Thayil. Karnataka Chief Minister Siddaramaiah lauded him as "a true public intellectual who enriched Indian journalism for over six decades," saying George's "sharp pen and uncompromising voice" will be sorely missed. His passing marks the end of an era in Indian journalism — a voice that combined literary grace with moral conviction, and sustained decades of critical engagement with India's evolving political and cultural landscape.

## Ganja worth Rs 5 crore seized in Jaipur, two arrested

**Jaipur:** In a major anti-drug operation, the Anti-Gangster Task Force (AGTF) in Jaipur seized ganja worth Rs 5 crore, hidden in a secret chamber of a container truck being smuggled from Odisha to Rajasthan. Two men, Subhash Gurjar and Pramod Gurjar, residents of Sikar in Rajasthan, have been arrested in connection with the case. According to ADG (Crime) Dinesh M.N., the AGTF received intelligence about a large consignment of ganja being transported to Rajasthan for delivery to two notorious drug lords from the Shekhawati region, Raju Pachalangi and Gokul. Acting swiftly on the tip-off, the AGTF, in coordination with the Jhunjhunu District Special Task Force (DST), set up a checkpoint in the Udaipurwati area late Thursday night. Under the supervision of ASP Siddhant Sharma, the team intercepted a suspicious closed container truck. During an initial search, no contraband was found in plain sight. However, a thorough inspection revealed a hidden chamber behind the driver's seat, which was found to be filled with 1,014 kg of ganja. The discovery underscored the smugglers' elaborate attempts to evade law enforcement. Both accused were immediately arrested, and the truck, along with the entire ganja consignment, was seized. The market value of the seized cannabis is estimated at approximately Rs 5 crore, highlighting the scale of the smuggling operation. The AGTF is continuing its investigation to identify other members of the smuggling network and trace the supply chain. Officials emphasised that such operations demonstrate the force's vigilance in tackling organised drug trafficking in the state. "This is a significant success for the AGTF and our partner agencies. The arrested individuals will be prosecuted under relevant sections of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act," said ADG Dinesh MN.

## Congress Defends Rahul, Cites Democratic Erosion

FAIR REPORT

**New Delhi:** The Congress on Friday came out in defence of Leader of the Opposition in Lok Sabha, Rahul Gandhi, following his recent remarks on the "attack on democracy" in India, seeking to highlight several instances where the democratic fabric of the nation is being weakened. At an interaction held at EIA University in Colombia, Rahul Gandhi expressed serious concerns about the state of democracy in India. Gandhi said: "India has many religions, traditions, and languages. A democratic system provides a place for everyone. But right now, the democratic system is under attack from all sides." Supporting the claims, senior Congress leader Rashid Alvi told IANS: "The country's democracy is deteriorating. Rahul Gandhi has never used such harsh words lightly. For instance, farmers protested peacefully for two years; doesn't that indicate a weakening of democracy when their voices were suppressed? In Pahalgam, innocent people



are being arrested and jailed arbitrarily. Isn't that a threat to democratic values?" "The enforcement of the Waqf Act in certain ways also raises concerns. Additionally, the Special Intensive Revision exercise led to the deletion of 70 lakh votes. Earlier, Rahul Gandhi said that before the current government came to power, people felt pride in India. What could be a bigger attack on democracy than this? Before accusing Rahul Gandhi, the BJP should answer these fundamental questions," he added. Congress MP Tariq Anwar cited Prime Minister Narendra Modi's statements on foreign trips post-2014. "The Prime Minister once said that before 2014, people born in India did not feel strong or proud. Implicitly, he questioned where Indians were born, suggesting a lack of pride in their own country.

# FESTIVE GIFT: RAJASTHAN GOVT APPROVES 3 PER CENT INCREASE IN DA AND DR

FAIR REPORT

**Jaipur,** Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma has announced a festive gift for government employees and pensioners by approving a 3 per cent hike in Dearness Allowance (DA) and Dearness Relief (DR) ahead of Diwali. The decision follows the Centre's announcement of a DA increase for central government employees earlier this week. Acting promptly on the Chief Minister's instructions, the Finance Department's proposal was cleared on Friday. With this approval, DA and DR for state government employees and pensioners under the Seventh Pay Commission will rise from 55 per cent to 58 per cent. This decision will directly benefit about 8 lakh employees and 4.40 lakh pensioners, including employees of Panchayat Samitis and Zila Parishads. As per the order, employees will



receive the revised DA in cash along with their October 2025 salary, payable in November. Additionally, the arrears for three months – from July to September 2025 – will be credited to the employees' General Provident Fund (GPF) accounts. Pensioners, on the other hand, will get their revised Dearness Relief arrears in cash from July 1, 2025 onwards. The Rajasthan government emphasised that this step reflects its sensitivity towards the welfare of employees and pensioners, ensuring timely financial relief ahead of the festive season. The move is expected to put an annual financial burden of approximately Rs 1,230 crore on the state exchequer, but the government has termed it a necessary and people-centric decision. Chief Minister Bhajan Lal Sharma stated that the government is committed to safeguarding the interests of employees and retirees, who form the backbone of the state's administrative and service machinery. The DA hike, announced just before Diwali, is expected to bring festive cheer to lakhs of families across Rajasthan.

### 17 तहसीलों के 632 गांव जेडीए सीमा में होंगे शामिल, कोटपूतली-बहरोड़ जिले के विराटनगर तहसील के भी 9 गांव शामिल

# जेडीए का दायरा दूसरे जिलों तक बढ़ाया, यूडीएच ने की अधिसूचना जारी

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

जयपुर जेडीए का दायरा अब जयपुर जिले के अलावा कोटपूतली-बहरोड़ जिले तक बढ़ गया है। इसमें विराटनगर तहसील के 9 गांवों को शामिल किया गया है। इसके अलावा 17 तहसीलों के 632 गांवों को भी शामिल किया गया है। जेडीए रीजन में गांव आने का सबसे ज्यादा फायदा रोड नेटवर्क को लेकर होगा। वहीं, अब इन गांवों में बसने वाली योजनाओं को मंजूरी और जमीनों का भू-उपयोग परिवर्तन (कृषि से अकृषि उपयोग) की मंजूरी भी जेडीए स्तर पर दी जाएगी। नगरीय विकास विभाग ने इसके लिए एक अधिसूचना जारी की है। आंधी, बस्सी, चाकसू, चौमूं, दूदू, जालसू, जमवारामगढ़, जोबनेर, कोटखावदा, किशनगढ़-रेनवाल, माधोराजपुरा, विराटनगर, तूंगा, शाहपुरा, फुलेरा, फागी, मौजमाबाद तहसीलों के कुल 632 गांवों को इसमें शामिल किया गया है। वहीं 47 उन गांवों को शामिल किया है, जो जोबनेर, शाहपुरा और चाकसू नगर पालिका के मास्टर प्लान में शामिल थे। इन्हें अब जयपुर जेडीए में शामिल किया गया है। जयपुर, चौमूं और सांगानेर तहसील के 14 गांव जो पहले जेडीए रीजन में शामिल होने से रह गए थे, उन्हें भी शामिल किया गया है।



### गांवों की कनेक्टिविटी दूसरे गांवों, कस्बों और शहरों से आसान बनेगी

जेडीए रीजन में गांव आने का सबसे ज्यादा फायदा रोड नेटवर्क को लेकर होगा। आज भी कई गांव ऐसे हैं, जहां आबादी बढ़ गई है। लेकिन इसके अनुरूप सेक्टर रोड नहीं हैं। 80 फीट या उससे ज्यादा चौड़ाई की सड़कों का निर्माण जेडीए स्तर पर ही करवाया जाता है। इससे इन गांवों की कनेक्टिविटी दूसरे गांवों, कस्बों और शहरों से आसान बनती है। इन गांवों को शामिल करने के बाद जेडीए अब भविष्य का मास्टर प्लान तैयार करेगा। इनमें इन गांवों की जरूरतों, उसके रोड नेटवर्क और भविष्य में किए जाने वाले विकास कार्यों को देखते हुए डेवलपमेंट किया जाएगा। इसके अलावा गांवों में जो सिवायचक (सरकारी) और खातेदारी की जमीनें हैं, उनका लैंड यूज निर्धारण भी जेडीए स्तर पर किया जाएगा। साथ ही इन गांवों में बसने वाली योजनाओं को मंजूरी और जमीनों का भू-उपयोग परिवर्तन (कृषि से अकृषि उपयोग) की मंजूरी भी जेडीए स्तर पर दी जाएगी।

### माधोराजपुरा तहसील के सबसे ज्यादा गांव शामिल

यूडीएच की अधिसूचना के मुताबिक माधोराजपुरा तहसील के सबसे ज्यादा 98 गांवों को जेडीए सीमा में शामिल किया गया है। इसके अलावा बस्सी के 86, चाकसू के 58, जमवारामगढ़ के 58, शाहपुरा के 55, जालसू के 51, चौमूं के 44, जोबनेर के 43, फागी के 41, आंधी के 36, तूंगा के 25, कोटखावदा के 14, विराटनगर के 9, दूदू 6, किशनगढ़-रेनवाल 4 और फुलेरा के 4 गांवों को जेडीए सीमा में शामिल किया गया है।

### आरयू कैंपस में आरएसएस कार्यक्रम में हुआ था हंगामा

# आरयू प्रशासन बोला- RSS ने कार्यक्रम की ली थी अनुमति

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राजस्थान विश्वविद्यालय का कैंपस इन दिनों राजनीति का अखाड़ा बन गया है। 30 सितंबर को अवकाश के दिन आरएसएस का शस्त्र पूजन हुआ, जिसकी विश्वविद्यालय प्रशासन से बाकायदा अनुमति ली गई थी। लेकिन इस आयोजन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा सहित कांग्रेस नेताओं ने कड़ा विरोध जताया। इस पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने कांग्रेस नेताओं पर 'छवि धूमिल' करने का आरोप लगाया है।

मामले में अब विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कांग्रेस नेताओं को आड़े हाथों लिया गया है। राजस्थान विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो. राम नारायण शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने विश्वविद्यालय की छवि धूमिल करने का काम किया है। अनुमति लेकर हुए आयोजन पर सवाल उठाना गलत है।





### डबल स्टैंडर्ड बात, आरयू की छवि खराब करने की कोशिश

राजस्थान विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो. राम नारायण शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि 27 सितंबर को गहलोत उदयपुर के सुखाड़िया विश्वविद्यालय गए थे और वहां राजीव गांधी सेंटर के कार्यक्रम को संबोधित किया था, जबकि वो वर्किंग डे था। उस समय उन्होंने न तो विश्वविद्यालय पर कोई सवाल उठाया और न ही कार्यक्रम पर। एक तरफ वे राजीव गांधी से जुड़े कार्यक्रम का विरोध नहीं करते, दूसरी तरफ एक संगठन के कार्यक्रम पर राजनीति करके राजस्थान विश्वविद्यालय पर आरोप लगाते हैं। ये डबल स्टैंडर्ड है और विश्वविद्यालय की छवि खराब करने की कोशिश है। उन्होंने साफ कहा कि विश्वविद्यालय का नाम पूरी दुनिया में है। इसकी शैक्षणिक और सांस्कृतिक पहचान को राजनीति के घेरे में खड़ा करना ठीक नहीं है। उन्होंने अपील की कि किसी भी राजनीतिक दल को विश्वविद्यालय को एजेंडा बनाकर उसकी छवि धूमिल नहीं करनी चाहिए।

### विनोद जाखड़ सहित 9 जनों की जमानत खारिज

राजस्थान यूनिवर्सिटी में हंगामा करने वाले एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ सहित 9 जनों की जमानत खारिज हो गई हैं। जयपुर महानगर प्रथम की न्यायिक मजिस्ट्रेट दक्षिण कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि सभी आरोपियों पर प्रथमदृष्ट्या गंभीर प्रकृति के आरोप है। कोर्ट ने कहा- आरोपियों ने कार्यक्रम स्थल पर मंच पर लगे पोडियम को गिराया। पोस्टर फाड़कर कार्यक्रम कर रहे लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत किया। मौके पर खड़ी पुलिस गाड़ी की लाइट तोड़कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाकर राजकार्य में बाधा डाली। विनोद जाखड़ पर पहले से इसी तरह के 6 मुकदमे दर्ज है। ऐसे में इन्हें जमानत देना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता हैं।

### कफ सिरप मामले में राजेंद्र राठौड़ बोले-सिस्टम में कमी, पर्दा ना डाला जाए

**जयपुर।** सरकारी योजना के तहत दिए जाने वाले कफ सिरप को पीने से बच्चों की मौत पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ बीजेपी नेता राजेंद्र राठौड़ ने सवाल उठाया है। इस दवा को पीने से अब तक तीन बच्चों की मौत हो चुकी है। हालांकि राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा है कि दवा बिलकुल सही है, और इसकी जांच करवा ली गई है। इसके उलट राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि वे 8 साल स्वास्थ्य मंत्री रहे हैं, अभी जो हो रहा है उसे देखकर पीड़ा हो रही है। उन्होंने कहा,"दवा का बनना, दवा का फैक्ट्री से निकलना, दवा का विभिन्न एजेंसियों द्वारा सर्टिफिकेट जारी करना, और उसके बाद दवा से इस तरह से बच्चों की मौत हो जाना बहुत गंभीर बात है, और इसके बाद ये कहना कि दवा मानक स्तर की थी, ये कहीं ना कहीं सिस्टम में कमी को दिखाता है।" राठौड़ ने कहा कि इस तरह की घटनाओं पर पर्दा नहीं डालना चाहिए और कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा,"जिस भी लैब ने इस लैब को मान्यता दी, और इससे एक महीने पहले इस दवा कंपनी में सॉल्ट की मात्रा शून्य पाई गई थी तभी उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया जाना चाहिए था। ये क्यों नहीं हुआ इसकी जांच होनी चाहिए।"

### बिहार चुनाव के लिए राजस्थान से लगाए ऑब्जर्वर

**जयपुर।** बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव और कुछ राज्यों में उपचुनाव को देखते हुए चुनाव आयोग ने आज शुक्रवार को केंद्रीय पर्यवेक्षकों (ऑब्जर्वर) की नियुक्ति की है। इसके तहत राजस्थान से 15 आईएएस और 3 आईपीएस की ड्यूटी लगाई गई है। आईएएस अर्चना सिंह एपीओ चल रही हैं। आयोग ने इन चुनाव के लिए देशभर से 287 आईएएस अधिकारी, 58 आईपीएस अधिकारी और अन्य सेवाओं के 80 अधिकारियों सहित 425 अधिकारियों को ऑब्जर्वर के तौर पर लगाया है। इसमें राजस्थान से भी 18 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।


## ब्रीफ खबरें

### सांसद खेल महोत्सव से चुनावी जमीन मजबूत करने की तैयारी



**जयपुर।** राजस्थान में आगामी दिनों में होने वाले पंचायत और निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश में भाजपा सांसद खेल महोत्सव के जरिए चुनाव की जमीन मजबूत करने में जुटी है। इसी कड़ी में जयपुर शहर की ओर से 15 अक्टूबर से खेल महोत्सव का आयोजन होगा। जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए इस आयोजन की जानकारी दी। सांसद शर्मा ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव देशभर में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल है। खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं को फिटनेस, खेल और स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। महोत्सव में विभिन्न आयु वर्ग के पुरुषों और महिलाओं को पारंपरिक और आधुनिक खेलों में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा, इससे स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का मंच मिलेगा। सांसद मंजू ने बताया कि 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले खेल महोत्सव में पारंपरिक खेलों में कबड्डी, खो-खो, कुश्ती, मटका दौड़, नींबू दौड़, मलखंभ तथा आधुनिक खेलों में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, शतरंज, वेटलिफ्टिंग सहित विभिन्न खेलों को शामिल किया गया है। इसमें महिला खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### गोपालगढ़ हिंसा में कोर्ट ने बेढम को दी विदेश जाने की इजाजत



**जयपुर।** एडीजे कोर्ट-4 ने गोपालगढ़ हिंसा प्रकरण में आरोपी गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम को राजकार्य के लिए 8 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 तक डेनमार्क जाने की सशर्त मंजूरी दे दी है। पीठासीन अधिकारी विद्यानंद शुक्ला ने कहा कि विदेश जाने से पहले वे यात्रा से जुड़े दस्तावेज पेश करेंगे और वापस आने पर कोर्ट को सूचित करेंगे। अदालत ने यह आदेश बेढम के प्रार्थना पत्र पर दिया। प्रार्थना पत्र में अधिवक्ता अश्विनी बोहरा ने कहा कि प्रकरण में उनके खिलाफ 30 सितंबर 2013 को चालान पेश हो चुका है। केस की ट्रायल 12 साल से पेंडिंग चल रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा के अनुसार किसानों की नॉलेज क्षमता में बढ़ोतरी के लिए नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम शुरू किया गया है। पहले चरण में प्रगतिशील युवा कृषकों को डेनमार्क, नीदरलैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ब्राजील आदि देशों में भेजा जाएगा।डेनमार्क में ही इस संबंध में नॉलेज शेयरिंग मीटिंग होना प्रस्तावित है और इसमें पशु पालन व ग्रामीण विकास के मंत्री डेलिगेशन हिस्सा लेंगे। बेढम ने कहा कि वे भी इस विभाग के राज्यमंत्री हैं। उनकी भी डेनमार्क यात्रा प्रस्तावित है, इसलिए उन्हें 8 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक विदेश जाने की मंजूरी दी जाए। इसका विरोध करते हुए सीबीआई की ओर से कहा गया कि प्रार्थी की ओर से प्रार्थना पत्र के समर्थन में कोई दस्तावेज पेश नहीं किए हैं, यदि उन्हें अनुमति दी जाती है तो उनके भाग जाने का अंदेशा रहेगा, इसलिए उन्हें विदेश जाने की अनुमति नहीं दी जाए।

# जिला-स्टेट लेवल पर झगड़ा, कार्यकर्ता कन्फ्यूज: गहलोत

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को सामोद में कांग्रेस सेवादल के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए भाजपा, आरएसएस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोला। वहीं कांग्रेस की गुटबाजी और नेताओं के झगड़ों की बात को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया।

उन्होंने कहा, आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों का साथ देने वाले और उनके लिए मुखबिरी करने वाले लोगों के पास आज देश चलाने का ठेका है। पीएम नरेंद्र मोदी कहते हैं कि आजादी की लड़ाई में आरएसएस के लोग जेल गए। इतना बड़ा झूठ बोलने के लिए बड़ी हिम्मत चाहिए और वह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में है। गहलोत ने उन्होंने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट होने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अभी कंफ्यूजन में हैं। जिले में, स्टेट लेवल पर कोई झगड़ा है, किसके यहां जाऊं, किसी से क्या बात करूं। गहलोत ने कहा- उस वक्त तमाम कन्फ्यूजन चलते रहते हैं। कार्यकर्ता भी दिल से काम नहीं कर पाता है। वो सोचता है कहीं जाऊंगा तो कह देंगे यह तो उस गुट का है, यह उस गुट का है। इस चक्कर में काम नहीं हो पाता। अभी यह सब करने का वक्त नहीं है। उन्होंने कहा- अभी आप पार्लियामेंट में 44 से 54 पर आए फिर 98 पर आए। राजीव गांधी के वक्त में हमारे 414 सांसद थे। कहां तो 414 एमपी थे, कहां 98 हैं। कांग्रेस मजबूत होगी, तभी तो आप लड़ पाओगे। तमाम कांग्रेस अपने मतभेद भुलाकर एकजुट हो और आगे बढ़ें। गहलोत ने कहा- ये देश की आजादी की विरासत को खत्म करना चाहते हैं। ये चाहते हैं कि पूरी विरासत को खत्म कर दिया जाए। संसद का नया भवन बना दिया। इसकी कोई जरूरत नहीं थी। पीएम हाउस, उपराष्ट्रपति भवन नया बना दिया। उपराष्ट्रपति भवन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के लिए मनहूस साबित हुआ। हमारे राजस्थान के उप राष्ट्रपति किसान नेता के लिए वह भवन मनहूस साबित हुआ है।



### अगली बार चुनाव नहीं, घमासान होगा

गहलोत ने कहा- बीजेपी और आरएसएस के पास धनबल है। दिल्ली में फाइव स्टार दफ्तर बन रहे हैं। आरएसएस के अलग-अलग संगठन बने हुए हैं। उनके भी शानदार दफ्तर बन रहे हैं। चुनाव में धन बल का इस्तेमाल कर रहे हैं। वोटर लिस्ट में गड़बड़ करते हैं। आगे आपको चुनाव लड़ना है। अगली बार मामूली चुनाव नहीं होने वाला है। घमासान होने वाला है। बीजेपी वाले धनबल से इतना मजबूत हो गए हैं, पैसा देकर लोगों को खरीद लेते हैं। आपको कैडर बेस लोगों को तैयार करना पड़ेगा, जिन पर विश्वास हो। जो बूथ के अंदर और बाहर बैठें, कैंपेन करें, वह सब आपको करना पड़ेगा।

### आधार अपडेट के 50 की जगह लगेंगे 75 रुपए

**जयपुर।** यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने आधार अपडेट की फीस 25 रुपए तक बढ़ा दी है। यह 30 सितंबर 2028 तक प्रभावी रहेगी। इसके बाद फिर से समीक्षा होगी और 1 अक्टूबर 2028 से 75 रुपए वाली सर्विस की कीमत बढ़कर 90 रुपए हो जाएंगी। वहीं, 125 रुपए वाली सेवाओं के लिए 150 रुपए लगेंगे।नई दरों के अनुसार, नया आधार बनवाना फ्री रहेगा, लेकिन नाम, पता और डॉक्यूमेंट्स बदलवाने जैसी सर्विसेज के लिए पहले 50 रुपए लगते थे, अब 75 रुपए लगेंगे। इसी तरह बायोमेट्रिक अपडेट जैसी सर्विस के लिए 100 रुपए की जगह अब 125 रुपए लगेंगे। वहीं, बच्चों का आधार अपडेट करवाना फ्री रहेगा। मोबाइल नंबर आधार सेंटर पर ही अपडेट किया जा सकता है।

### प्रदेश में मिलेगी सस्ती बिजली, बिजली वितरण कंपनियों ने राजस्थान विद्युत नियामक आयोग के समक्ष टैरिफ याचिकाएं प्रस्तुत कीं

# 25 साल में पहली बार की गई बिजली शुल्क में कमी

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राजस्थान में घरेलू श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं को अब सस्ती बिजली मिल सकेगी। बिजली कंपनियों ने 25 साल में पहली बार बिजली शुल्क में कमी की है। बिजली वितरण कंपनियों (जयपुर, जोधपुर व अजमेर विद्युत वितरण निगमों) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 2 अप्रैल 2025 को राजस्थान विद्युत नियामक आयोग के समक्ष अपनी टैरिफ याचिकाएं प्रस्तुत की। जिस पर नियामक आयोग ने शुक्रवार को निर्णय किया है। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का कहना है कि लागत और खर्च के बढ़ते दबाव के बावजूद डिस्कॉम्स ने प्रदेश के सभी श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ का सरलीकरण करने की कोशिश की है। मल्टीपल चार्जेज कम करके विभिन्न श्रेणियों को एकीकृत्त करने का प्रयास किया है। टैरिफ में संशोधन का प्रस्ताव करते समय उपभोक्ता के हित को तरजीह दी गई है। पहली बार बिजली कंपनियों ने लगभग सभी श्रेणियों में विद्युत शुल्क (एनर्जी चार्ज) कम करने का प्रस्ताव दिया। 50 यूनिट तक प्रति माह बिजली उपभोग करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं के लिए विद्युत शुल्क 4.75 रुपए प्रति यूनिट यथावत रखा गया है। जब यह टैरिफ याचिका दायर की गई थी, तब उपभोक्ताओं को 70 पैसे प्रति यूनिट फ्यूल सरचार्ज देना पड़ रहा था। पहली बार फ्यूल सरचार्ज के साथ जोड़कर 100 यूनिट तक प्रतिमाह उपभोग वाले घरेलू उपभोक्ताओं से 70 पैसे प्रति यूनिट प्रतिमाह रेगुलेटरी सरचार्ज प्रस्तावित किया था। इसी तरह अन्य उपभोक्ताओं से फ्यूल सरचार्ज के साथ 1 रुपए रुपए प्रति यूनिट रेगुलेटरी सरचार्ज प्रस्तावित किया था। घरेलू श्रेणी में लगभग हर स्लैब में बिजली शुल्क में अधिकतम 65 पैसे तक की कमी की गई है। हालांकि, इस नई कवायद में 300 यूनिट से अधिक बिजली उपभोग वाले उपभोक्ताओं पर फिक्स चार्ज बढ़ाया गया है। 300-500 यूनिट मासिक उपभोग पर फिक्स चार्ज 400 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए किया गया है।




### कृषि उपभोक्ताओं पर रेगुलेटरी सरचार्ज का भार नहीं

कृषि उपभोक्ताओं के लिए विद्युत शुल्क 5 रुपए 55 पैसे प्रति यूनिट है, जिसे घटाते हुए 5 रुपए 25 पैसे प्रति यूनिट किया है। कृषि उपभोक्ताओं पर रेगुलेटरी सरचार्ज को भी राज्य सरकार वहन करेगी। राज्य में 20 लाख से अधिक कृषि उपभोक्ता हैं।औद्योगिक श्रेणी में विद्त शुल्क की एक ही दर रखी गई है। वृहद औद्योगिक श्रेणी में पहले 7 रुपए 30 पैसे प्रति यूनिट विद्त शुल्क था, जिसे 6 रुपए 50 पैसे प्रति यूनिट कर दिया गया है। मध्यम श्रेणी में विद्त शुल्क दर 7 रुपए प्रति यूनिट थी, जिसे अब कम करते हुए 6 रुपए 50 पैसे प्रति यूनिट कर दिया है। इसी प्रकार लघु औद्योगिक श्रेणी में 6 रुपए और 6 रुपए 45 पैसे प्रति यूनिट की दो दरें प्रचलित थीं। दोनों को एक समान करते हुए 6 रुपए प्रति यूनिट कर दिया है। इससे औद्योगिक श्रेणी में समान टैरिफ दर को प्रोत्साहन मिलेगा।

### 1.04 लाख लोग ले रहे सब्सिडी

प्रदेश में घरेलू श्रेणी के लगभग 1 करोड़ 35 लाख उपभोक्ता हैं। इनमें से 1 करोड़ 4 लाख रजिस्टर्ड घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना में सरकार सब्सिडी दे रही है। इनमें से हर महीने 100 यूनिट तक बिजली उपभोग करने वाले 62 लाख उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत के लिए कुछ भी भुगतान नहीं करना होता है, क्योंकि सब्सिडी की वजह से उनका बिजली बिल शून्य आता है। इन उपभोक्ताओं पर रेगुलेटरी सरचार्ज का भार भी नहीं आएगा। राज्य सरकार इसे वहन करेगी। वहीं, घरेलू श्रेणी के 51 से 150 यूनिट स्लैब में लगभग 35 लाख से अधिक उपभोक्ता हैं। इनके लिए विद्युत शुल्क 6.50 रुपए प्रति यूनिट से घटाकर 6.00 रुपए प्रति यूनिट किया गया है। ऐसे उपभोक्ताओं को 50 पैसे प्रति यूनिट की राहत दी गई है। घरेलू श्रेणी के 150 से 300 यूनिट स्लैब वाले उपभोक्ताओं के एनर्जी चार्ज में भी 35 पैसे प्रति यूनिट की राहत प्रदान की गई है। याचिका में लघु, मध्यम और वृहद औद्योगिक श्रेणी के लिए विद्युत शुल्क की दरों को एकरूपता प्रदान करने का प्रयास किया गया है।

## ब्रीफ खबरें

### सहकारी संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने को संकल्पित है सरकार : दक



**बिलाड़ा (जोधपुर)।** सहकारिता मंत्री गौतम दक का मानना है कि उनकी भाजपा सरकार ने किसानों, युवाओं और गरीबों के लिए बुनियादी काम किए हैं, जबकि कांग्रेस की नीतियां हमेशा से ही विफल रही हैं। वर्तमान सरकार ने अपने कार्यों से जनता का विश्वास जीता है। अपनी सरकार की विभिन्न योजनाओं और नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सभी कदम प्रदेश के विकास और जनता के कल्याण के लिए उठाए गए।दक ने सभी किसानों को बधाई देते हुए कहा कि यहां की समितियों ने सहकारिता की विचारधारा को सार्थक किया है। वे शुक्रवार को यहां मार्केटिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी के द्वारा केंद्रीय सहकारी बैंक की स्थानीय शाखा के लिए नए बने बैंक भवन के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बिलाड़ा की सभी सहकारी समितियां एक अर्से से प्रतिवर्ष करोड़ों का कारोबार कर अपने सदस्यों में लाभांश का वितरण कर रही है, इससे किसानों की क्रय शक्ति सुदृढ़ होती है। दक ने कहा बिलाड़ा की सहकारी समितियो उनकी मांग के अनुसार कभी भी कृषि उपकरणों की कमी नहीं आने देंगे। संस्थाओ के मांग पत्र के अनुसार ट्रैक्टर,रोटोवेटर, ड्रोन,चाप कटर, स्प्रे मशीन, मेड़बन्दी के लिए उपकरण आदि सभी प्रकार की विभागीय मदद में कमी नहीं आने देंगे। उन्होंने किसानों को बधाई दी।

### अज्ञात वाहन ने मारी बाइक को टक्कर, 2 युवकों की मौत, 1 घायल




**झालावाड़।** जिले के डग थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। डग नगर से लगभग तीन किलोमीटर दूर डोडी फंटा तिराहे पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। डग थाना के एएसआई श्यामलाल ने बताया कि हादसे के समय तीन युवक एक ही बाइक पर सवार होकर झालावाड़ से डग लौट रहे थे। डग कस्बे के डग-भवानीमंडी मार्ग पर डोड़ी फंटा के पास अचानक अज्ञात वाहन व बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में 30 वर्षीय सनी पुत्र बच्चू और मेहुल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भूपक ठाकुर (मामा) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद झालावाड़ रेफर किया गया है। यह अज्ञात वाहन सड़क निर्माण सामग्री के लिए काम में आने वाला बताया गया है। वहीं पुलिस ने सनी और मेहुल के शवों को कब्जे में लिया। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया।

### विस्थापन पर मिले मुआवजे के 10 लाख झोपड़ी की आग में जले



**भिवाड़ी।** झोपड़ी में लगी आग से अंदर लोहे के पीपे में रखे 10 लाख रुपए जलकर खाक हो गए। मामला खैरथल-तिजारा जिले के मालीयर जट्ट गांव का है। पीड़ित बनवारी नाथ ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वे घर के बाहर सो रहे थे। पत्नी, बहू और छोटे बच्चे झोपड़ी में सो रहे थे। सुबह 5 बजे झोपड़ी में अचानक आग लग गई। बच्चों के चिल्लाने पर उसकी आंख खुली। इसके बाद फौरन बच्चों और परिवार को बाहर निकाला। बनवारी नाथ ने बताया कि आगजनी की घटना में घर में रखा सामान और 10 लाख रुपए नगदी जलकर राख हो गई। उन्होंने बताया कि उनका परिवार करीब दो साल पहले सरिस्का से विस्थापित होकर इस गांव में रहता है। गांव से विस्थापित होने और जमीन हैंडओवर करने पर 9 लाख रुपए का मुआवजा मिला था। वहीं एक लाख रुपए की फसल बेची थी। जिसका पैसा घर में रखा था। स्थानीय निवासी सुंदर चौधरी ने बताया कि मालीयर जट्ट गांव में सरिस्का से विस्थापित लगभग 100 परिवार रहते हैं। तिजारा एसडीएम संजीव कुमार ने बताया कि अधिकारियों को नुकसान का आकलन कर तुरंत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पीड़ित परिवार को आपदा प्रबंधन कोष से सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने जले हुए नोटों को नियमों के तहत बदलवाने का प्रयास करने की भी बात कही।

### बाघिन सुल्ताना ने 10 मिनट तक पर्यटकों को रोका, की चहलकदमी



**सवाई माधोपुर।** रणथंभौर टाइगर रिजर्व दूसरे दिन सफारी की पहली पारी में शुक्रवार को सिंह द्वार पर बाघिन टी-107 सुल्ताना चहलकदमी करती नजर आई। जिससे यहां करीब 10 मिनट तक पर्यटक रुके रहे। इस दौरान यहां पर्यटकों और श्रद्धालुओं के वाहन थम रहे। बाघिन के सड़क से हटने और जंगल में जाने के बाद यातायात सुचारू हो सका। दरअसल, शुक्रवार सुबह की पारी से पर्यटक सफारी कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सिंह द्वार पर वन विभाग गाइड और ड्राइवर की डिटेल स्कैन करने की क्यूआर कोड मशीन खराब हो गई थी। जिसके चलते पर्यटक वाहन यहां इंतजार कर रहे थे। तभी बाघिन सुल्ताना जंगल से निकलकर सड़क पर आ गई। इस दौरान यहां बाघिन करीब 10 मिनट तक चहलकदमी करती रही। जिसे देखकर पर्यटक रोमांचित हो उठे। पर्यटकों ने इस पूरे वाकये को अपने कैमरे में कैद कर लिया। यहां इस दौरान करीब 15 मिनट तक यातायात प्रभावित रहा। बाघिन के जंगल में जाने के बाद यातायात सुचारू हो सका।

---

**फ्लैट में आग से दो बेटों की मौत का मामला : बच्चों को अकेला नहीं छोड़ने की गुजारिश की**

# पेरेंट्स बोले, सेफ्टी फीचर्स की खुद करें ऑडिट

**FAIR REPORT**
**कोटा**

अनंतपुरा थाना इलाके में फ्लैट में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से अपने दोनों बेटे खो चुके पिता जितेंद्र शर्मा और मां रीता शर्मा ने आमजन से अपने बच्चों को अकेला नहीं छोड़ने की गुजारिश की। जितेंद्र और रीता ने सलाह दी कि अभिभावक सेफ्टी फीचर्स की खुद ऑडिट करें। 15 वर्षीय शौर्य और 10 वर्षीय वीर को गंवा चुके पिता जितेंद्र और मां रीता मीडिया से बात कर रहे थे। जितेंद्र शर्मा और उनकी पत्नी रीता शर्मा ने कहा कि जैसे हमने बच्चों को अकेला छोड़ा था, किसी भी व्यक्ति को नहीं छोड़ना चाहिए। फ्लैट खरीदने के पहले सिक्योरिटी देखनी चाहिए। फायर फाइटिंग के लिए स्मोक डिटेक्टर के अलावा अन्य सुरक्षा भी होनी चाहिए। सभी को जहां अपने बच्चे रहते हैं, वहां पर सेफ्टी फीचर्स की ऑडिट करते रहना चाहिए। दंपती का कहना था कि हमसे गलती हो गई कि घर में सेफ्टी सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा रखा था। हमें घर में भी सीसीटीवी कैमरा लगाना चाहिए। अपने घरों की वायरिंग लगातार चेक करते रहना चाहिए। हमसे यह गलतियां हुई इसीलिए हमारे बच्चे आज हमसे दूर चले गए।



#### अभिभावकों को करेंगे जागरूक

पेरेंट्स का कहना था कि वे बच्चों का अस्थि विसर्जन कर आए। उन्होंने तय किया कि जिस तरह से उनके बच्चे अकेले घर में थे, ऐसे अकेले रहने वाले बच्चों के अभिभावकों को जागरूक करेंगे। फ्लैट के सभी सेफ्टी फीचर्स के लिए अभियान चलाएंगे, ताकि दूसरे पेरेंट्स को हमारे जैसा दुख नहीं झेलना पड़े। बच्चों के लिए फाउंडेशन बनाकर काम करेंगे। शौर्य और वीर का नाम बना रहे इसीलिए हम यह कर रहे हैं। हमने बच्चों का नेत्रदान कराया था। इससे तीन लोग देख सकेंगे। सबसे पहले अपने घरों में सेफ्टी का ध्यान रखें। बच्चों की मां रीता शर्मा ने कहा कि वह जल्द फाउंडेशन बनाएंगे और उससे अपने बच्चों का नाम आगे बढ़ाएंगे। वहीं पिता जितेंद्र शर्मा ने कहा कि छोटा बेटा वीर धार्मिक सीरियल में कार्य कर चुका था और अदाकार सैफ अली खान और सोनू सूद के बचपन का रोल अदा करने वाला था।

---

**प्रतिमा हटाने के विरोध में साथ आए कांग्रेसी-भाजपाई, दिखाई ताकत**

# व्यासजी की मूर्ति के लिए एकजुट हुए बीकानेर वासी

**FAIR REPORT**
**बीकानेर**

भारतीय रेलवे द्वारा स्टेशनों के रिनोवेशन कार्य के चलते बीकानेर रेलवे स्टेशन पर लगी मुरलीधर व्यासजी की प्रतिमा को हटाया जा रहा है। व्यास की मूर्ति को हटाने के लिए जेसीबी रेलवे स्टेशन पहुंच गई, लेकिन इस मूर्ति को हटाने के विरोध में पूरे बीकानेर ने एक स्वर में विरोध किया। यहां तक भी भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के नेताओं ने साफ कहा कि मुरलीधर व्यास की प्रतिमा को किसी भी सूरत में नहीं हटाने दिया जाएगा। लोगों के विरोध के बाद रेलवे प्रशासन बैकफुट पर आ गया। फिलहाल उस मूर्ति को हटाने का फैसला टाल दिया गया है। रेलवे स्टेशन के हॉल में हुई बैठक में मुरलीधर व्यासजी की मूर्ति रेलवे स्टेशन के रेनोवेशन के बाद भी इसी स्थान पर रखने की सहमति बनी है।



**आंदोलन की दी गई चेतावनी**

अगर मूर्ति को इधर-उधर किया गया तो आंदोलन किया जाएगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होगी। रेलवे रेनोवेशन के वक्त मूर्ति के चारों तरफ फैंसिंग की जाएगी। ये काम रेलवे अपने स्तर पर करेगा। मूर्ति को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होगा।

#### यह है व्यासजी का परिचय

मुरलीधर व्यासजी का जन्म चैत सुदी 12 संवत 1955 में बीकानेर में हुआ था। उस जमाने में मैट्रिक पास थे। प्रयागराज से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की थी। उन्होंने हिंदी, संस्कृत, राजस्थानी भाषा के साथ उर्दू और गुजराती भाषाओं का भी ज्ञान था। वे लोक सेवक थे और समाज सेवा को ही अपना धर्म मानते थे। मुरलीधर व्यासजी को बड़े साहित्यकार भी थे। उन्होंने कई भाषाओं में लेखन कार्य किया लेकिन ज्यादातर रचनाएं राजस्थानी भाषा में लिखी। मुरलीधर व्यास प्रेरक कहानियों के जनक थे। उनकी लिखी कहानियां काफी लोकप्रिय हुई। राजस्थानी कहावतें, बरसगांठ, जूना जागता चितराम और इक्केवालो उनके लोकप्रिय कहानी संग्रह है।

### अदालत ने फैसला सुनाया और 16 दोषी भागे निकले

**जोधपुर।** यहां एससी-एसटी कोर्ट से सजा सुनाने के बाद मुलजिमों के कोर्ट से भागने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामला करीब 7 दिन पुराना है, जिसका खुलासा अब हुआ है। 26 सितंबर को आरोपियों को एससी-एसटी कोर्ट सजा सुनाई गई थी, उसके बाद आरोपी फरार हो गए। जोधपुर के उदय मंदिर थाने में कोर्ट के रीडर संजय पुरोहित द्वारा मामला दर्ज करवाया गया है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। जनवरी-2012 में ओसियां के पड़ासला गांव में कुछ दबंगों ने वहां रह रहे कुछ परिवारों पर हमला किया था और मकानों में आग लगाने के साथ फायर भी किए थे। इस मामले में मतोड़ा थाने में मामला दर्ज किया गया था। सुनवाई के दौरान इन 16 दोषियों को 7 साल की सजा सुनाई थी। कोर्ट की ओर से सजा सुनाए जाने के बाद सभी 16 दोषी कोर्ट से एक-एक कर फरार हो गए। दरअसल, कोर्ट में जिस समय फैसला आता है और किसी को सजा सुनाई जाती है, उस समय रीडर द्वारा चालानी गार्ड को सूचना दी जाती है। लेकिन संभवत इस मामले में चालानी गार्ड को सूचना देने पर पर्याप्त गार्ड मौजूद नहीं थे।

---

## संदिग्ध हालात में मौत पर आक्रोश, एसडीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**FAIR REPORT**
**कुचामन सिटी**

जिले में नावां क्षेत्र के बंवली गांव में लादूराम गुर्जर की संदिग्ध मौत को लेकर शुक्रवार दोपहर बाद ग्रामीणों ने नावां एसडीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। ग्रामीण पुराने बस स्टैंड से रैली निकालकर कार्यालय पहुंचे और 'लादू राम को न्याय दो' व 'पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद' जैसे नारे लगाकर आक्रोश जताया। बाद में एसडीएम को ज्ञापन दिया। परिजन पीसाराम गुर्जर का आरोप है कि 18 दिन पहले लादूराम की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप दिया गया था। उन्होंने बताया कि मौत से दो दिन पहले ही उसे जान से मारने की धमकी मिली थी। ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए, और कहा कि दो लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे गांव में भय और असुरक्षा का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच, दोषियों की गिरफ्तारी और गांव में सुरक्षा व्यवस्था की मांग की। प्रदर्शन में बंवली, गुढ़ा, उलाणा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। एसडीएम दिव्या सोनी ने इस मामले में थानाधिकारी नंदलाल चौधरी को पीड़ित परिजनों के बयान लेकर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



## एएसपी की कार की टक्कर से युवक की मौत, धरने पर परिजन

**FAIR REPORT**
**कुचामन सिटी**

पुलिस अधिकारी की कार की टक्कर से युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीण धरने पर बैठ गए। अब 17 घंटे बाद पुलिस-प्रशासन और परिजनों के बीच सहमति बनने के बाद युवक का शव लेने को राजी हो गए। इससे पहले सुबह जिला अस्पताल की मोर्चरी के आगे चल रहा धरने प्रदर्शन में भाजपा विधायक हरलाल सहारण भी कूद पड़े और ग्रामीण पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे थे। एएसपी लोकेंद्र दादरवाल ने बताया कि कालिका यूनिट टीम प्रभारी एएसपी राजकार्य कर लौट रहे थे। इस दौरान सरदारशहर रोड पर गुरुवार रात करीब 9 बजे बालरासर आथूना के पास एएसपी की कार की टक्कर से बाइक सवार अरविंद घायल हो गया था। जिसे जिला अस्पताल लाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीण पहले सड़क जाम कर बैठ गए। शुक्रवार सुबह दस बजे मोर्चरी के आगे दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने और परिवार को संविदा पर नौकरी और आर्थिक सहायता की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। करीब चार घंटे के प्रदर्शन के बाद एएसपी लोकेंद्र दादरवाल की अगुवाई में प्रदर्शनकारियों से हुई करीब एक घंटे की वार्ता सफल रही।



---

**गुरुद्वारे पर कब्जे का विवाद, हिंसक झड़प में बच्चों समेत 8 घायल,स्कूल बंद, 15 थानों की पुलिस तैनात**

# हनुमानगढ़ में इंटरनेट सेवाएं बंद, धारा 163 लागू

**FAIR REPORT**
**हनुमानगढ़**

हनुमानगढ़ के गोलूवाला कस्बे में गुरुद्वारा मेहताबगढ़ साहिब में प्रबंधन कमेटी को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया। सुबह करीब 3 बजे एक पक्ष के 50 से ज्यादा लोगों ने गुरुद्वारे में जबरन घुसकर कब्जा करने की कोशिश की। इस दौरान वहां मौजूद दूसरे पक्ष के साथ कहासुनी के बाद झड़प हो गई। इसमें बच्चों समेत करीब 8 लोग घायल हो गए। इनके हाथ, पैर और सिर में चोट आई है। कई घायलों को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद श्रीगंगानगर जिला हॉस्पिटल रेफर किया गया। सूचना पर गोलूवाला थाना पुलिस फौरन मौके पर पहुंची। हालात बिगड़ते देख प्रशासन ने 15 थानों की पुलिस और RAC के जवानों को तैनात किया है। पुलिस लाइन से अतिरिक्त जाब्ता भी बुलाया गया है। एहतियात के तौर पर कस्बे में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई। प्रशासन ने गोलूवाला में धारा 163 लागू कर दी है। चार या ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने पर रोक रहेगी। फिलहाल इलाके में पुलिस की निगरानी में हालात काबू में हैं, लेकिन तनाव बना हुआ है। एसपी हरि शंकर ने बताया- गुरुद्वारा में मुख्य ग्रंथी (प्रबंधक) को हटाने की मांग को लेकर दो पक्ष लंबे समय से आमने-सामने हैं। गोलूवाला कस्बा सिख संगत और मुख्य प्रबंधक बीबी हरमीत कौर पक्ष में गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की जिम्मेदारी को लेकर विवाद है। 2009 में संत बाबा अमृतपाल सिंह गोलूवाला के गुरुद्वारा मेहताबगढ़ साहिब के मुख्य प्रबंधक थे। वे करीब 7 साल तक मुख्य प्रबंधक रहे। 2016 में पंजाब में संत बाबा अमृतपाल सिंह की हत्या हो गई। साल 2016 में अमृतपाल सिंह की पत्नी बीबी हरमीत कौर को गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी का पदभार सौंपा गया। पिछले दो महीने से दोनों पक्ष आमने-सामने हैं। गोलूवाला कस्बा सिख संगत बीबी हरमीत कौर को हटाकर नई कमेटी बनाना चाहती है। किसी नए व्यक्ति को गुरुद्वारा का मुख्य प्रबंधक नियुक्त करना चाहती है।





#### एसपी बोले- जबरदस्ती घुसने पर विवाद

एसपी हरि शंकर ने बताया- गुरुद्वारा मेहताब सिंह साहिब में शुक्रवार सुबह बाहरी लोगों के जबरदस्ती घुसने से विवाद की स्थिति बन गई। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति न बने, इसके लिए गोलूवाला कस्बे में 15 थानों के एसएचओ और पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। पुलिस लाइन से भी जाब्ता तैनात है। आरएसी की दो टुकड़ियां भी क्षेत्र में मौजूद हैं।

#### सभी स्कूलों की छुट्टी के निर्देश जारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग ने सुबह ही सभी निजी और सरकारी स्कूलों में छुट्टी के निर्देश जारी किए थे। आज कस्बे के सभी स्कूल एहतियातन बंद हैं। फिलहाल स्थिति सामान्य है। एसडीएम उमा मित्तल, संगरिया एसडीएम जय कौशिक और सीओ मीनाक्षी सहारण भी मौके पर पहुंचे। आमजन से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

VISION INDIA — FAIR REPORT 04

# Company Accused of Negligence Awarded Major Contract in Chittorgarh

**Nitya Enterprises bags ₹75 lakh deal at Medical College; controversy erupts**




**Chittorgarh**, Government Medical College, Chittorgarh, recently floated a tender to hire manpower for Grade-II nurses, lab technicians, and assistant librarians. The tender, worth nearly 75 lakh, was issued on September 12 with several firms participating. When the bids were opened on September 24, the contract was awarded to Nitya Enterprises, a Jhalawar-based company.

The decision immediately sparked controversy, as just a day earlier, the same company had faced strict action in Pratapgarh District Hospital for negligence.

### Security Deposit Forfeited in Pratapgarh

Nitya Enterprises had been awarded a contract for operating the parking facility at Pratapgarh District Hospital. The firm began work on July 1, but patients and their attendants reportedly continued to face severe difficulties. Despite repeated oral and written notices, no improvements were made.

Following complaints, the district collector ordered an inquiry committee, which found that the company had violated tender conditions. On September 23, the contract was canceled, and the company's security deposit of nearly 1 lakh was forfeited.

### Awarded Chittorgarh Contract the Very Next Day

Surprisingly, within just 24 hours of the cancellation in Pratapgarh, on September 24, the same company managed to secure a much larger tender worth 75 lakh at Chittorgarh Medical College. The development has raised serious questions over the transparency of the tender process.

### Principal Defends the Decision

When contacted, the college principal, Dr. Pramod Tiwari, defended the decision, stating: "Nitya Enterprises has been working with our college for the last one and a half years, and no complaints have been received so far. We trust the company. However, if any issues arise in the future, we will blacklist them immediately."

### Concerns Over Tender Process

Despite this assurance, the episode has triggered debate. Experts point out that checking a company's background is crucial in government contracts. The fact that a firm penalized in Pratapgarh one day was handed a major contract in Chittorgarh the very next day has put the tendering process under scrutiny.

# Explosions Echo from Railway Station to Sainik School, 'Gandiv Exercise' Tests Security Preparedness

FAIR REPORT

**Chittorgarh,** On Friday morning, panic gripped Chittorgarh when sudden bomb explosions were reported at sensitive locations such as the railway station, collectorate, and Sainik School. Within minutes, rumors spread that the city had come under a terrorist attack. Reports of casualties at the station and dozens being injured added to the fear.

However, it was soon clarified that this was not an actual attack but part of the "Gandiv Exercise" — a nationwide mock drill conducted by the National Security Guard (NSG). The objective of the exercise was to simulate a large-scale terror strike and test the readiness of police, administration, and emergency services in handling such situations.



### Exercise Begins at Railway Station

The first phase of the drill unfolded at the railway station, where a scenario was created simulating a powerful blast, leaving three people "dead" and around 15 "injured." Some suspects were shown fleeing the spot. Emergency services including police, fire brigade, and ambulances rushed in, and mock victims were shifted to the hospital. A suspicious suitcase was also found, prompting an NSG bomb disposal team to launch a search operation.

### Statement from the SP



District Superintendent of Police, Manish Tripathi, informed that the exercise aimed to assess how efficiently and swiftly local authorities respond in real emergencies. He added that Chittorgarh has been chosen as the first district in Rajasthan to host this national-level security drill.

### Collectorate Also Targeted

The second phase took place at the collectorate premises where another "blast" was staged, leaving two people injured. Firefighters doused simulated flames, while police cordoned off the area and carried out thorough checks with bomb detectors.

### Rescue Drill at Sainik School

The third stage of the exercise was held at Sainik School, where a situation of terrorist infiltration was created. A mock evacuation of students and staff was carried out. NSG commandos launched a search operation inside the campus while sirens blared, creating a tense atmosphere.

### District on High Alert

During the Gandiv Exercise, not only Chittorgarh city but the entire district remained on high alert. Security forces set up checkpoints on key routes, inspected vehicles, and conducted searches at bus stands, markets, and other crowded places.

# Bhilwara: VIP Protocol Overshadow vs- Humanity, Children Humiliated at Roadside Dhaba

FAIR REPORT

**Bhilwara**, Rajasthan — A shocking incident late Thursday night at a roadside dhaba near Jaipur-Kota bypass in Hanuman Nagar police station area has once again raised serious questions on VIP culture and police insensitivity. According to eyewitnesses, a group of children aged between 12 to 14 years, returning from a state-level sports competition, had stopped at the dhaba to eat food. Exhausted from the long journey, the children were in the middle of their meal when Hanuman Nagar police head constable Kalu Ram forcibly interrupted them. Citing "VIP protocol," he allegedly snatched food from the children's hands and ordered them back into their bus.

The incident occurred shortly before the convoy of Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma was scheduled to pass the route from Kota to Jaipur. Witnesses allege that the head constable told the children, "VIP protocol is more important than kids." When dhaba operator Durgesh Nandan opposed this inhuman behavior, the constable reportedly threatened him saying, "If you create trouble, I'll have you thrown out."

The children, who had traveled all the way from Nagaur to Bundi after showcasing their talent in the sports meet, were left humiliated and hungry. Locals expressed deep anger, calling it not only an insult to the young athletes but also a dark example of police high-handedness in the name of protocol. The incident has triggered widespread outrage in the area. Residents are questioning whether any VIP security measure can justify depriving children of food and dignity. The matter is being seen as a stark reminder of the growing gap between public servants and the people they are meant to serve. While the state government has yet to issue an official statement, demands are rising for strict action against the guilty constable. Citizens insist that sensitivity and humanity must not be sacrificed at the altar of VIP protocol.

# Walled City of Jaipur Losing Heritage Charm to Encroachments and Posters

FAIR REPORT

**Jaipur**, Once hailed as the "Pink Jewel" of Rajasthan, Jaipur's Walled City — a UNESCO World Heritage Site — is slowly losing its regal charm. Heritage gates, centuries-old havelis, and iconic pink façades are being swallowed up by a rising tide of illegal hoardings, posters, and encroachments, leaving conservationists alarmed and citizens disheartened.

A stroll through the historic bazaars of Johari, Bapu, and Tripolia reveals the scale of the problem. Century-old arches are plastered with political banners, mobile recharge ads, and coaching class posters. Street vendors, temporary stalls, and unauthorized constructions spill into narrow lanes, choking pedestrian movement and obstructing views of the architecture that once defined the city's elegance. Residents say the decline is not new but has accelerated in recent years. "Every election season, the walls become canvases for political sloganeering. Add to that the mushrooming of illegal boards, and you can barely see the heritage anymore," laments Ramesh Joshi, a shopkeeper near Hawa Mahal.

Conservation experts argue that this neglect undermines the very recognition Jaipur earned from UNESCO in 2019. The guidelines for preservation are clear: no visual pollution on heritage structures, strict zoning for advertisements, and regulated commercial use. Yet, enforcement remains weak. Officials admit that limited manpower and political pressure often dilute efforts to curb violations.

Meanwhile, heritage activists have demanded stricter action against repeat offenders and the introduction of hefty penalties for defacement. Suggestions such as creating designated "poster zones," relocating hawkers, and launching awareness campaigns are gaining momentum. "Heritage is not just about monuments; it's about lived culture. If we allow unchecked encroachment, Jaipur risks losing its global identity," warns historian Dr. Nidhi Sharma. Tourists, too, express disappointment. Many complain that the iconic "Pink City" feels less like a cultural treasure and more like a chaotic marketplace. For a city that thrives on tourism, the stakes are high.

As the debate continues, the fading charm of Jaipur's Walled City serves as a stark reminder: heritage, once lost, cannot be recreated. The question remains whether enforcement will catch up before the pink walls turn into forgotten backdrops beneath layers of posters and encroachments.

# IAS Officer Removed After Technical Glitches at PM's Rajasthan Rally

FAIR REPORT

**Jaipur,** A senior IAS officer has been removed from his post after major technical glitches disrupted Prime Minister Narendra Modi's rally in Rajasthan, triggering a swift administrative shake-up. The incident, which occurred during a high-profile public gathering, has raised serious questions about coordination, preparedness, and accountability in managing VIP events. According to officials, the rally faced multiple disruptions, including sound system failures and issues with live telecast arrangements. The glitches forced repeated pauses during the Prime Minister's address, drawing criticism from both the audience and political observers. With the event being closely watched at the national level, the lapses quickly snowballed into an embarrassment for the state administration.In response, the government promptly transferred the IAS officer responsible for overseeing logistical and technical arrangements. A replacement has already been appointed, with directions to ensure stricter supervision of upcoming events. Sources within the administration described the move as a message that lapses of such magnitude will not be tolerated, particularly when they involve the country's top leadership. Political circles, however, are divided over the decision. While ruling party leaders defended the removal as necessary to uphold accountability, opposition voices accused the government of using the officer as a scapegoat to cover broader systemic failures.

# CM Launches "Mission Hariyalo Rajasthan": Target to Plant 50 Crore Trees in 5 Years

FAIR REPORT

**Jaipur,** In a landmark step towards environmental sustainability, Rajasthan Chief Minister has unveiled "Mission Hariyalo Rajasthan," an ambitious afforestation initiative that aims to plant 50 crore trees across the state within the next five years. The campaign is being positioned as one of the largest green drives in India, with a focus on combating desertification, restoring degraded land, and strengthening the state's fight against climate change.

Rajasthan, with nearly two-thirds of its geographical area classified as arid and semi-arid, faces recurring challenges of desert expansion, dwindling groundwater levels, and erratic rainfall. Recognizing these ecological concerns, the Chief Minister emphasized that the mission is not just a plantation drive but a comprehensive movement for environmental balance, livelihood generation, and community participation. Under the plan, afforestation will be carried out along highways, in degraded forest lands, school campuses, industrial belts, and riverbanks. Special focus will be laid on the Thar Desert region, tribal districts, and mining-affected zones where green cover is critically low. To ensure survival, the state will adopt a "plant and protect" approach, with provisions for regular monitoring, maintenance, and community ownership of planted areas. The government has also announced incentives for panchayats, NGOs, and self-help groups that successfully contribute to plantation and survival targets. Urban local bodies will be encouraged to establish "green lungs" through city parks and micro-forests. Additionally, saplings of indigenous species like neem, khejri, babool, and peepal will be prioritized to maintain ecological suitability. Officials revealed that modern techniques such as drip irrigation, Miyawaki plantations, and geo-tagging of saplings will be deployed to maximize survival rates.

## Atmanirbhar Bharat Campaign

# PM Modi's Vision for a Developed India by 2047



**Manish Malani**
Journalist



Chittorgarh: Under the leadership of Prime Minister Narendra Modi, the Atmanirbhar Bharat (Self-Reliant India) campaign has transformed from a government initiative into a collective commitment of 1.4 billion Indians. Addressing a press conference on Friday, MP C.P. Joshi said that self-reliance is not limited to traditional items like earthen lamps but also extends to advanced technologies such as the BrahMos missile, INS Vikrant, fighter aircraft, Mangalyaan, and Chandrayaan. "This is India's true strength and the foundation of Prime Minister Modi's dream of a developed India by 2047," he said.

### India Was Self-Reliant Before Independence

MP Joshi highlighted that before independence, India was self-sufficient in agriculture, trade, and technology and was globally recognized as the "Golden Bird." However, foreign invasions and British colonial exploitation crippled the nation's economy. "The British plundered gold and silver worth nearly $45 trillion from India," Joshi noted. As a result, the newly independent nation was forced to mortgage its gold reserves to import food grains.

India Was Self-Reliant Before Independence

MP Joshi highlighted that before independence, India was self-sufficient in agriculture, trade, and technology and was globally recognized as the "Golden Bird." However, foreign invasions and British colonial exploitation crippled the nation's economy. "The British plundered gold and silver worth nearly $45 trillion from India," Joshi noted. As a result, the newly independent nation was forced to mortgage its gold reserves to import food grains.

### New Heights Under Modi Government

According to Joshi, in the last decade under PM Modi's leadership, India has made remarkable progress across sectors:

India now accounts for 40% of global rice exports.

It ranks among the top producers of milk and wheat. The country has become the second-largest mobile manufacturer in the world. Bulletproof jackets, semiconductor chips, and high-tech railway technology are now produced indigenously.

"Self-reliance is not about traditional products alone; it also encompasses modern technology and innovation. The true meaning of Atmanirbhar Bharat is the fragrance of our soil and the sweat of our workforce," Joshi said.

### Call to Embrace Swadeshi in Daily Life

Joshi appealed to citizens to prioritize indigenous products in their purchases. "When we buy our own goods, only then can India become economically strong and technologically independent," he remarked. He emphasized that the Atmanirbhar Bharat campaign is not just a scheme but a national resolve that will serve as a milestone in India's journey toward becoming a developed nation by 2047.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor and Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act.